# मंदग्राही विद्यार्थियों के लिए प्रश्न -बैंक
## कक्षा- 8

प्रश्न संख्या ;- 1 लेखक बदलू को क्या कहकर पुकारता था ?

उत्तर :- बदलू काका

प्रश्न संख्या 2:- क्या निराश हुआ जाए पाठ के लेखक का क्या नाम है?

उत्तर :- हजारी प्रसाद द्विवेदी |

प्रश्न संख्या 3.:- साधु की जाति क्यों नहीं पूछनी चाहिए?

उत्तर :- हमें केवल उसके ज्ञान को प्राप्त करने की चेष्टा करनी चाहिए |

प्रश्न संख्या 4 :- दो व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण लिखिए ?

उत्तर :- राम, दिल्ली |

प्रश्न संख्या 5 लेखक ने पानी की कहानी किसके माध्यम से दर्शायी है ?

उत्तर :- बूँद के माध्यम से |

प्रश्न संख्या 6:- बाज और सांप कहानी के आधार पर बताइए कि सांप कहां रहता था?

उत्तर :- अपनी खोखल में

प्रश्न संख्या 7 टोपी कहानी के आधार पर बताइए कि गवरइया ने टोपी किससे सिलवाई ?

उत्तर :- दर्जी से

प्रश्न 8 टोपी कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए |

उत्तर :- टोपी कहानी यह संदेश देती है की मजदूर -वर्ग अभावों में जीवन व्यतीत करता है |उनसे कार्य करवाकर उन्हें पूरा पारिश्रमिक देना चाहिए |

प्रश्न 9:- सन 1942 में लोगों के प्रदर्शन का क्या उद्देश्य था ?

उत्तर :- देश को आज़ाद कराना |

प्रश्न संख्या 10 :-भारत की खोज पुस्तक के आधार पर बताइए कि अहमदनगर किले के साथ किस साहसी महिला का नाम जुड़ा हुआ है ?

उत्तर :- चाँदबीबी |

प्रश्न संख्या 11 कवि खिले पुष्पों को कहां का द्वार दिखाना चाहता है ?
उत्तर :- कवि -खिले फूलों को अनंत का द्वार दिखाना चाहता है |

प्रश्न संख्या12:- अभी न होगा मेरा अंत पंक्ति में कवि का कौनसा मनोभाव प्रकट होता है
उत्तर :-- अभी न होगा मेरा अंत पंक्ति में कवि का आत्मविश्वास तथा जीवन के प्रति उसका आशावादी होने का भाव प्रकट हुआ है |

प्रश्न संख्या 13 :- निम्नलिखित में से प्रत्यूष शब्द का पर्यायवाची कौन -सा शब्द है ?

उत्तर :- (१) आयुष (२) भोर
(३) वसंत (४) पीयूष

प्रश्न सं.14 :- 'लाख की चूड़ियां' पाठ के लेखक का क्या नाम है ?
उत्तर :- लाख की चूड़ियां पाठ के लेखक का नाम कामतानाथ है |

प्रश्न 15 अहमदनगर के किले में नेहरू जी अपना शौक पूरा करने के लिए क्या काम करने लगे ?
उत्तर :- अहमदनगर के किले में नेहरू जी अपना शौक पूरा करने के लिए बागवानी का काम करने लगे

प्रश्न 16:- चांद बीबी कौन थी उनसे संबंधित कौन सी घटना याद की जाती है?
उत्तर:- चांदबीबी अहमदनगर की रहने वाली एक सुंदर महिला शासिका थी उसने किले की रक्षा के लिए अकबर की शाही सेना के विरुद्ध अत्यंत सहायक युद्ध किया और अब सेना का नेतृत्व करती रही

प्रश्न 17 :- गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से लौटने पर कांग्रेस संगठन में किस तरह का बदलाव आया ?
उत्तर :- गांधी जी के कांग्रेस में आने से संगठन की मजबूती बड़ी इसमें किसान और मजदूर वर्ग में शामिल होकर नए जोश के साथ कार्य करने लगे |

प्रश्न 18 प्रथम विश्व युद्ध के बाद लोगों की दशा कैसी थी ?
उत्तर :--प्रथम विश्व युद्ध के बाद लोगों की बहुत बुरी स्थिति थी | समाज के हर वर्ग को अत्यंत मुश्किल भरा जीवन जीना पड़ रहा था | मजदूर वर्ग किसान वर्ग थे उनका हर प्रकार शोषण किया जा रहा था |ऐसे में गरीबी बढ़ती जा रही थी |

प्रश्न 19 :-  सिंधु घाटी सभ्यता किस स्थान से संबंधित है ?
 उत्तर :-  घाटी सभ्यता भारत के उत्तर दिशा में सिंधी में मोहनजोदड़ो नामक स्थल से स्थान से संबंधित है|

 प्रश्न 20 :- शान्ति  के पतन और नाश  का देश पर क्या प्रभाव पड़ा  ?
उत्तर :-  शान्ति  के पतन और नाश का  देश पर यह प्रभाव पड़ा कि भारत तकनीकी दौर में मानसिक सजगता और तकनीकी कौशल में कमी आती गई |

 प्रश्न 21 वेद शब्द की उत्पत्ति बताते हुए इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए  ?
उत्तर :-  'वेद ' शब्द की उत्पत्ति  विद  धातु से हुई है जिसका अर्थ है जानना वेद का सीधा साधा अर्थ है अपने समय के ज्ञान का संग्रह|

 प्रश्न 22  पाणिनि  कौन थे उन्होंने  कौन सी पुस्तक लिखी  ?
उत्तर  :-पाणिनि संस्कृत भाषा के प्रसिद्ध   वैयाकरण  थे उन्होंने छठी सातवीं शताब्दी ईसापूर्व में व्याकरण की प्रसिद्ध पुस्तक अष्टाध्याई की रचना की|

प्रश्न 23 :-  गीता में कर्म के महत्व को किस प्रकार प्रतिपादित किया गया है ?
 उत्तर :- गीता में कर्म के महत्व को अकर्मण्यता की निंदा के साथ प्रतिपादित किया है कर्म को समय के उच्चतम आदर्शों को ध्यान में रखकर करना चाहिए |

 प्रश्न 24 अशोक बहुत बड़ा निर्माता था यह तुम कैसे कह सकते हो ?
 उत्तर :-  अशोक द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों से पता चलता है कि वह बहुत बड़ा निर्माता था उसने बड़ी इमारतें बनाने के लिए विदेशों से कारीगरों को बुला रखा था|  अशोक की मूर्ति कला और अन्य अवशेषों में भारतीय कला परंपरा दृष्टिगोचर होती है |

प्रश्न नंबर 25::- जयपुर की नगर योजना किसके द्वारा बनाई गई ?
 उत्तर जयपुर की जयपुर शहर की योजना जयपुर के राजा जयसिंह के द्वारा बनाई गई |

 प्रश्न 26 राजा राममोहन राय कौन थे ?
 उत्तर राजा राममोहन राय बंगाल के समाज सुधारक थे |

प्रश्न 27 सती प्रथा क्या है इसे रोकने में राजा राममोहन राय ने क्या किया ?

उत्तर प्राचीन काल में किसी पुरुष की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को उसके शव के साथ जिंदा जला दिया जाता था इसी को सती प्रथा कहा गया राजा राममोहन राय ने इसे रोकने के लिए आंदोलन किया परिणाम स्वरुप अंग्रेजों ने इस प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया |

प्रश्न 28 अहमदनगर के किले की जेल यात्रा नेहरू जी की कौन सी जेल यात्रा थी ?

उत्तर अहमदनगर जिले की जेल यात्रा नेहरू जी की नौवीं जेल यात्रा थी |

प्रश्न 29 नेहरू जी अपनी विरासत किसे मानते हैं ?

उत्तर :- नेहरू जी उन सबको अपनी विरासत मानते हैं जिसे मानवता हजारों सालों के दौरान हासिल किया इसमें विजय के उल्लास, पराजय की दुखद यन्त्रणाए मनुष्य के हैरतअंगेज कारनामे भी है |

प्रश्न 30 भारतीय सभ्यता के संपर्क में कौन-कौन आए ?

उत्तर भारतीय सभ्यता के संपर्क में ग्रीस, अरब देशों और भूमध्य सागर के लोग आए |

प्रश्न 31:- टोपी पाठ में टोपी शब्द किसका प्रतीक है ?

उत्तर :- टोपी शब्द सत्ता का प्रतीक है |

प्रश्न 32:- बाज और सांप पाठ में बाज़ किसका प्रतीक है ?

उत्तर :- बाज़ साहस और वीरता का प्रतीक है |

प्रश्न 33:- निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए :-

आंखों से ओझल होना , मन में आशा जगाना |

उत्तर :- आंखों से ओझल होना :- सूरज निकलते ही चमकते ओस की बूंदें आंखों से ओझल होने लगी |

मन में आशा जगाना :-- देर से ही सही बरसात होने पर किसानों के मन में अब जाग उठी

( विद्यार्थी अपने विवेक से भी जो प्रयोग करें)

प्रश्न 34 :- ‘राजा' का विलोम शब्द लिखिए ?

:- :- रंक |

प्रश्न 35 :- दाता, दाई प्रत्यय से एक-एक शब्द बनाए ?

उत्तर दुखद दुखद लाभप्रदता अन्नदाता मुक्तिदाता दाई दुखदाई सुखदाई |

प्रश्न 36 सुदामा किस हाल में कृष्ण के पास गए ?
उत्तर सुदामा दीन-हीन हालत में कृष्ण के पास गए उनके शरीर पर न कुर्ता था और न सिर पर पगड़ी थी उनके पैरों में जूते भी नहीं थे |

प्रश्न 37 :शुरू में साइकिल चलाना सीखने वाली महिलाओं के प्रति पुरुषों की क्या प्रतिक्रिया होती थी
उत्तर:- शुरू में साइकिल चलाना सीखने वाली महिलाओं के प्रति पुरुषो का दृष्टिकोण अच्छा नहीं था |

प्रश्न 38:-बिलवासी मित्र के चरित्र से क्या शिक्षा मिलती है ?
उत्तर:- बिलवासी मित्र के चरित्र से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मुसीबत में फंसे मित्र की सहायता अवश्य करनी चाहिए |

प्रश्न 39 :-भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए -
उत्तर :- मित्रता

प्रश्न0 :- डाकिया क्या बांटता है ?
उत्तर :- पत्र या चिट्ठियाँ
प्रश्न 41 :- पूत और मैया शब्द के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-
उत्तर :- पुत्र, सुत |
मैया, माता, मां |

प्रश्न 42 :- दिन और शीत शब्द के विलोम शब्द लिखिए ?
उत्तर :- दिन-रात
शीत - उष्ण

प्रश्न 43 :- लेखक की हथेली पर पड़ी बूँद किसके इंतजार में थी और क्यों ?
उत्तर :- लेखक की हथेली पर पड़ी बूँद सूर्योदय होने के इंतजार में थी | वह सूर्य की ऊष्मा शक्ति ग्रहण करके बनकर वायुमंडल का बनना चाहती थी |

प्रश्न44 पहली सवाक फिल्म कौन सी थी इस फिल्म के निर्माता कौन थे ?

उत्तर :- पहली सवाक फिल्म आलम आरा थी इस फिल्म के निर्माता अर्देशिर एम ईरानी थे |

प्रश्न45 :- कामचोर कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ?

उत्तर :-कामचोर कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें बचपन से ही काम करने की आदत डालनी चाहिए | मां-बाप के कामों में हाथ बटाना चाहिए |

प्रश्न46 :- आंखी शब्द का प्रचलित हिंदी रूप लिखिए ?

उत्तर :- आँख |

प्रश्न47 चिड़िया चोंच में तिनका दवाए कहां उड़ने को तैयार है तथा क्यों ?

उत्तर:-- चिड़िया चोंच में तिनका दवाए सुरक्षित स्थान पर जाकर अपने परिवार तथा आने वाले बच्चों के लिए घोंसला बनाना चाहती है जिससे उनकी रक्षा हो सके|

प्रश्न 48 अपने विद्यालय के प्राचार्य के नाम तीन दिन का अवकाश लेने के लिए उचित कारण बताते हुए प्रार्थना पत्र लिखिए |

अथवा

वार्षिक खेल दिवस पर अनुच्छेद लिखिए

उत्तर:- छात्र अपने विवेक से प्रारूप के अनुसार पत्र लिखेंगे

प्रश्न 49-:- निम्नलिखित विषय पर संवाद लिखिए :

के परीक्षा परिणाम को लेकर माता-पिता की छात्र की प्रगति को लेकर अध्यापक अभिभावक के बीच संवाद मोबाइल के विद्यालय में प्रयोग करने पर 2 छात्रों के बीच संवाद छात्र छात्र विवेकानुसार -:-लिखेंगे

प्रश्न 50 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए -( लगभग 150 शब्दों में)

कोई त्योहार |

मनोरंजन के आधुनिक साधन

विज्ञान से लाभ

(छात्र अपने विवेक से लिखेंगे)